# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–131/2026*

### राज्यपाल ने शोषित समाधान केंद्र के 20वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया

**पटना 16 जुलाई, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने शोषित समाधान केंद्र, पटना के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और देश की सेवा के लिए भारतीय सेना, पुलिस तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं में आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सफलता किसी की पारिवारिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से नहीं, बल्कि उसके परिश्रम, अनुशासन और लगन से तय होती है। इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में पासिंग आउट परेड में ''स्वॉर्ड ऑफ ऑनर'' प्राप्त करने वाले बिहार के विशाल कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी युवा ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। बिहार रेजीमेंट का एक सिपाही का बेटा अब लेफ्टिनेंट विशाल कुमार बन गया है।

राज्यपाल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे हर परिस्थिति में अपने बच्चों की शिक्षा और सपनों का साथ दें। उन्होंने कहा कि माता–पिता अपने जीवन में जो कुछ हासिल किये हों या नहीं कर सके हों, तब भी वे अपने बच्चों को अपने से आगे बढ़ने का अवसर अवश्य दें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना या परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं है, बल्कि ऐसे जिम्मेदार, संवेदनशील और आत्मविश्वासी नागरिक तैयार करना है, जिनके चेहरे पर मुस्कान हो और जिनमें समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव हो।

राज्यपाल ने शोषित समाधान केंद्र की शिक्षा एवं समाजसेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और वंचित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में यह संस्थान अनुकरणीय कार्य कर रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन, आत्मविश्वास और सीखने की ललक की विशेष प्रशंसा की। विज्ञान एवं अन्य विषयों से जुड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते समय विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और अंग्रेजी में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मातृभाषा के साथ–साथ अंग्रेजी जैसी अंतरराष्ट्रीय भाषा का ज्ञान भी आज के समय में नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में इस संस्थान के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

आगे पृष्ठ 2 पर

उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन तथा उत्कृष्ट चित्रकला के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की छोटी–छोटी उपलब्धियों की भी खुलकर सराहना करनी चाहिए, क्योंकि प्रोत्साहन उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

समारोह में संस्थान के पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, अभिभावकगण, विद्यार्थीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

...............................................